प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

21 फरवरी 2022

रिज़र्व बैंक ने यूएसडी/आईएनआर 2-वर्षीय विक्रय क्रय स्वैप की घोषणा की

अपनी फॉरवर्ड बुक की परिपक्वता (मैच्योरिटी) प्रोफाइल को बढ़ाने और फॉरवर्ड आस्तियों से संबंधित प्राप्तियों को सुगम बनाने की दृष्टि से, 08 मार्च 2022 को 5 बिलियन डॉलर की विक्रय/क्रय स्वैप नीलामी करने का निर्णय लिया गया है। यह बाजार सहभागियों के एक व्यापक समूह तक पहुंच को सक्षम करेगा। नीलामी एकाधिक मूल्य आधारित होगी, अर्थात, सफल बोलियों को उनके संबंधित उद्धृत प्रीमियम पर स्वीकार किया जाएगा। नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

स्वैप राशि (यूएसडी बिलियन)	**नीलामी की तारीख**	**नीलामी का समय**	**निकटतम चरण/ स्पॉट तारीख**	**दूरस्थ चरण तारीख**
5	8 मार्च 2022	पूर्वाह्न 10.30- पूर्वाह्न 11.30	10 मार्च 2022	11 मार्च 2024

परिचालनात्मक दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण अनुबंध में दिए गए हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी : **2021-2022/1747**